भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2555

20 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

बोकारो इस्पात संयंत्र में दुर्घटनाएं

2555. श्री धीरज प्रसाद साहू:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) नामक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के अंतर्गत कार्यशील बोकारो इस्पात संयंत्र में कितनी प्राणघातक दुर्घटनाएं हुई हैं और दुर्घटनाओं के दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई;

(ख) इन दुर्घटनाओं के क्या कारण थे और क्या ऐसी दुर्घटनाओं के कारण जानने हेतु किसी जाँच समिति का गठन किया गया था, यदि हाँ, तो क्या उक्त जाँच समिति की सिफारिशों पर अमल किया गया था; और

(ग) क्या उक्त जाँच समिति की सिफारिशों पर किन्हीं दोषियों को सजा दी गई/जुर्माना लगाया गया है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) से (ग): विगत 3 वर्षों और नवंबर, 2021 तक वर्तमान वर्ष के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के बोकारो इस्पात संयंत्र में 7 घातक दुर्घटनाएं हुईं। दुर्घटनाओं के कारणों में तरल धातु के छींटे पड़ना, वस्तु से टकराना, विद्युत फ्लैश, क्रेन के ट्रैवर्स स्टैंड का गिरना आदि शामिल हैं। इस तरह की दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाने के लिए प्रत्येक घातक दुर्घटना में जाँच समिति का गठन किया गया था। उक्त समितियों की सिफारिशों को व्यवस्थित सुधार के लिए सेल द्वारा लागू किया गया है और इसके लिए जिम्मेदार पाए गए अधिकारियों पर सजा/जुर्माना लगाया गया है।

****